**अंतर-विश्वविद्यालय त्वरक केंद्र**
**अरुणा आसफ अली मार्ग, नई दिल्ली-110067**

## हिंदी पखवाड़ा, 2024 का आयोजन

राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार को बढ़ाने के लिए पूर्व वर्ष के अनुरूप वर्ष 2024 में भी 13 से 27 सितम्बर 2024 तक हिंदी पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस भव्य कार्यक्रम की शुरुआत दिनांक 13 सितम्बर, 2024 को आयोजित उद्घाटन समारोह के साथ की गई। कार्यक्रम का शुभारम्भ निदेशक महोदय, आचार्य अविनाश चन्द्र पांडेय और श्री पूरन चंद टंडन, वरिष्ठ प्राध्यापक, दिल्ली विश्वविद्यालय (मुख्य अतिथि) द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करते हुए किया गया। इस अवसर पर निदेशक महोदय द्वारा राजभाषा हिंदी और उसके महत्व पर अपने विचार प्रस्तुत किए गए। तत्पश्चात् मुख्य अतिथि ने अपने ज्ञानवर्धक विचारों से केंद्र परिवार को लाभान्वित किया।

स्टाफ सदस्यों की हिंदी भाषा के प्रति रुचि और ज्ञान में संवर्धन करने हेतु **“हिंदी दिवस पर अपनी कथा सुनाती हिंदी”** विषय पर एक चलचित्र प्रस्तुत किया गया।

इसके साथ ही, उद्घाटन समारोह के अवसर पर राष्ट्रीय पुस्तक न्यास के सौजन्य से एक पुस्तक प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया, जिसमें हिंदी भाषा की अनेकों पुस्तकें कर्मचारियों के समक्ष प्रस्तुत की गई।



स्टाफ सदस्यों को संबोधित करते निदेशक महोदय

## हिंदी पखवाड़ा, 2024 की एक झलक



निदेशक महोदय का स्वागत करते वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी



पुस्तक प्रदर्शनी का उद्घाटन करते निदेशक महोदय

हिंदी पखवाड़ा, 2024 के अवसर पर केंद्र के सभी कर्मचारियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसका प्रमुख उद्देश्य कर्मचारियों की हिंदी भाषा में रुचि को बढ़ाना और इसका प्रचार-प्रसार करना था।

## हिंदी पखवाड़ा-2024 के दौरान आयोजित प्रतियोगिताएं



लिखित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता



काव्यपाठ प्रतियोगिता



सुलेख प्रतियोगिता (केवल हिंदीतर भाषी वर्ग के लिए)



आज का विचार प्रतियोगिता (केवल हिंदीतर भाषी वर्ग के लिए)





**हिंदी व्याख्यान (फाइल प्रबंधन- नोटिंग एवं ड्राफ्टिंग)**

हिंदी पखवाड़ा, 2024 के दौरान कुल 5 प्रतियोगिताएं और एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिनमें से 3 प्रतियोगिताएं सभी सदस्यों के लिए थी और 2 प्रतियोगिताएं केवल हिंदीतर भाषी कर्मचारियों के लिए आयोजित की गई थी। हिंदीतर भाषी कर्मचारियों के लिए पृथक् रूप से प्रतियोगिताएं आयोजित करने के पीछे प्रमुख उद्देश्य हिंदी भाषा का प्रचार-प्रसार करना और हिंदी भाषा के प्रति स्टाफ सदस्यों की रुचि बढ़ाना था।




इन प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत करने हेतु दिनांक 27 सितंबर 2024 हिंदी पखवाड़ा पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया था। इस अवसर पर सभी कर्मचारियों के लिए हिंदी पखवाड़ा, 2024 की एक झलक प्रस्तुत की गई। अंत में, सभी विजेताओं को श्री विश्वंभर दत्त, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी और डॉ. सुभेन्दु घोष, वैज्ञानिक- 'एच' द्वारा पुरस्कृत किया गया।




➢ **<u>हिंदी पखवाड़ा-2024 के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं के परिणाम</u>**

## 1. हिंदी लेख- लेखन प्रतियोगिता का परिणाम

हिंदी लेख-लेखन प्रतियोगिता दो वर्गों- हिंदी भाषी वर्ग और हिंदीतर भाषी में आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता का उद्देश्य हिंदी भाषी वर्ग के साथ हिंदीतर भाषी वर्ग में भी हिंदी भाषा के रुझान को बढ़ाना और कर्मचारियों को हिंदी भाषा में कार्य करने की प्रेरणा प्रदान करना है। दोनों वर्गों के विजेताओं के लेखों को हिंदी गृह पत्रिका- त्वरिका के तीसरे संस्करण में प्रकाशित किया गया है।

**हिंदी भाषी वर्ग** | **हिंदीतर भाषी वर्ग**

| क्र. | विजेता लेखकों के नाम | स्थान | क्र. | विजेता लेखकों के नाम | स्थान |
|---|---|---|---|---|---|
| **1.** | डॉ. प्रवीण कुमार , वैज्ञानिक- 'जी' | प्रथम | 1. | श्रीमती देवरानी क्षेत्रिमायुम, वैज्ञानिक 'जी' | प्रथम |
| **2.** | डॉ. राजेश विक्रम हरिवाल, वैज्ञानिक- 'ई' | द्वितीय | 2. | श्रीमती रूबी शांति, अभियंता –'एफ' | द्वितीय |
| **3.** | श्री सुनील ओझा, वैज्ञानिक- 'जी' | तृतीय | 3. | श्री बप्पा कर्मकार, वैज्ञानिक – 'डी' | तृतीय |
| **4.** | डॉ.इंद्रा सुलानिया, वैज्ञानिक 'एफ' | प्रोत्साहन | | | |
| **5.** | श्रीमती मनीषा रानी, निजी सहायक | प्रोत्साहन | | | |

**2. लिखित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का परिणाम**

| क्र. | विजेताओं का नाम | स्थान |
|---|---|---|
| **1.** | श्री अशोक कोठारी, अभियंता 'डी' | प्रथम |
| **2.** | श्री आशुतोष पांडेय, वैज्ञानिक 'एफ' | द्वितीय |
| **3.** | श्री विजय पटेल, कनिष्ठ अभियंता 'एफ' | तृतीय |
| **4.** | श्री हर्षवर्धन, कनिष्ठ अभियंता- 'डी' | प्रोत्साहन |
| **5.** | श्री प्रदीप कश्यप, एमटीएस | प्रोत्साहन |

**3. हिंदी काव्य पाठ प्रतियोगिता का परिणाम**

| क्र. | विजेताओं के नाम | स्थान |
|---|---|---|
| **1.** | श्रीमती ऊषा कटारिया, प्रशासनिक अधिकारी | प्रथम |
| **2.** | डॉ.इंद्रा सुलानिया, वैज्ञानिक 'एफ' | द्वितीय |
| **3.** | डॉ. राजेश हरिवाल, वैज्ञानिक- 'ई' | तृतीय |
| **4.** | डॉ. प्रवीण कुमार , वैज्ञानिक- 'जी' | प्रोत्साहन |
| **5.** | श्री हर्षवर्धन, कनिष्ठ अभियंता- 'डी' | प्रोत्साहन |

**4. सुलेख प्रतियोगिता का परिणाम**

| क्र. | विजेताओं के नाम | स्थान |
|---|---|---|
| 1. | श्री थॉमस वर्गीज़, अभियंता 'डी' | प्रथम |
| 2. | डॉ. गोल्डा के.एस, वैज्ञानिक 'एफ' | द्वितीय |
| 3. | श्री जयदीप कर्माकर, वैज्ञानिक 'ई' | तृतीय |
| 4. | श्री वी.वी.वी सत्यानारायण, कनिष्ठ अभियंता 'एफ' | प्रोत्साहन |
| 5. | डॉ. पी.एस.लक्ष्मी, वैज्ञानिक 'ई' | प्रोत्साहन |

**5. आज का विचार प्रतियोगिता का परिणाम**

| क्र. | विजेताओं के नाम | स्थान |
|---|---|---|
| 1. | श्रीमती प्रियंबदा नायक, पु .सहायक | प्रथम |
| 2. | श्री के.के मिस्त्री, अभियंता 'डी' | द्वितीय |
| 3. | श्री सुरेश बाबू , कनिष्ठ अभियंता 'एफ' | तृतीय |
| 4. | डॉ. गोल्डा के.एस, वैज्ञानिक 'एफ' | प्रोत्साहन |
| 5. | डॉ. पी.एस लक्ष्मी, वैज्ञानिक 'ई' | प्रोत्साहन |

राजभाषा प्रकोष्ठ, समय-समय पर जारी राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय के दिशानिर्देशों को केंद्र में समुचित रूप से लागू किए जाने एवं उनके अनुपालन को सुनिश्चित किए जाने के अपने दायित्व के प्रति सदैव प्रतिबद्ध एवं प्रयासरत है।